③

# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर

## हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2008–09

## मॉडल प्रश्न पत्र (Model Question Paper)

| | |
|---|---|
| कक्षाः– 10 वीं | **Class 10th** |
| विषयः– सामान्य हिन्दी | **Subject:- General Hindi** |
| समयः– 3 घण्टे | **Time:- 3 Hours** |
| पूर्णांकः– 100 | **Maximum Marks :- 100** |

---

निर्देशः–

1. सभी प्रश्न हल कीजिये ।
2. प्रत्येक प्रश्न क सामने निर्धारित अंक दिये गये है ।

प्रश्न 1– वर्ण किसे कहते हैं ? उदाहरण दीजिए (2)

प्रश्न 2– निम्नलिखित वर्णो को मिलाकर शब्द बनाइए – (2)
प् + अ + क् + का

प्रश्न 3– निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए – (2)
1. आविश्कार, 2. उज्वल

प्रश्न 4– नीचे दीए गए शब्दों के तत्सम शब्द लिखिए – (2)
1. भाग 2. चोर

प्रश्न 5– उपसर्ग और प्रत्यय में क्या अन्तर है ? उदाहरण से सिद्ध कीजिए । (2)

प्रश्न 6– समास किसे कहते हैं ? (2)
''रसाई घर'' तथा माता पिता में कौन सा समास है ?

प्रश्न 7– उर्दू उपसर्गों के दो शब्द लिखिए । (2)

प्रश्न 8– निम्नांकित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । (2)
1. यमुना
2. नदी

प्रश्न 9— निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए ।(3)

1. कोल्हू का बैल ।
2. खून पसीना एक करना ।
3. कान का कच्चा ।

प्रश्न 10— उत्तम प्रकृति के व्यक्तियों पर कुसंग का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता ? (4)

प्रश्न 11— सच्चे नौकर से दुर्गानाथ का क्या अभिप्राय था ? (4)

प्रश्न 12— ठुकरा दो या प्यार करो कविता का मूल भाव क्या है ? (5)

प्रश्न 13— घीसा की गुरू भक्ति के संबंध में अपने विचार लिखिए । (5)

प्रश्न 14— उमा के चरित्र की कौन—कौन सी विशेषतसएँ है ? समझाइए (5)

प्रश्न 15— छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुन्दरता का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । (5)

प्रश्न 16— निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए — (5)

पर उसकी सचेत आँखों में न जाने कौन सी जिज्ञासा भरी थी । वे निरन्तर छड़ी की तरह खुली मेरे मुख पर टिकी ही रहती थी, मानों मेरी विद्या—बुद्धि को सीख लेना ही उनका ध्येय था ।

अथवा

रसखान तो किसी की लकुटी अरू कामरिया पर तीनों पुरों का राजसिंहासन तक त्यागने को तैयार थे, पर देश—प्रेम की दुहाई देने वालो मे से कितने अपने किसी थके मांदे भाई के फटे—पुराने कपड़ों पर रीझ कर या कम से कम न खीझकर बिना मन मैला किए कमरे का फर्श भी मैला होने देगें ? मोटे आदमियों तुम जरा—सा दुबले हो जाते अपने अंदेशे से ही सही तो न जाने कितनों ठठरियों पर मांस चढ़ जाता ।

प्रश्न 17— निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ—प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए । (6)

जो कुछ पढ़ो तुम कार्य में भी साथ ही परिणत करो,<br>
सब भक्तवर प्रहलाद की निम्नोक्ति को मन में धरों ।

अथवा

जो गरीब पर हित करै, ते रहीम बड़ लोग ।
कहा सुदामा बापुरो, कृष्ण मिताई जोग ।।

प्रश्न 18— निम्नलिखित में से किसी एक कवि अथवा लेखक का साहित्यिक परिचय दीजिए । (5)

1. श्री हरिशंकर परसाई
2. महादेवी वर्मा

प्रश्न 19— प्रेम को लेखक ने हिसाब—किताब क्यों नहीं माना है ? (6)

प्रश्न 20— 'नवयुवकों के प्रति' कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ? (6)

अथवा

"छल का धृतराष्ट्र जब आलिंगन करे तो पुतला आगे बढ़ाना चाहिए ।" इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न 21— सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर छत्तीसगढ़ को दसवीं बोर्ड परीक्षा की अंक सूची की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु एक आवेदन पत्र लिखिए । (7)

अथवा

अपने मित्र को विद्यालय के वार्षिकोत्सव में सम्मिलित होने के लिए एक पत्र लिखिए ?

प्रश्न 14— नीचे दिये गये गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

आदर्श व्यक्ति कर्मशीलता में ही अपने जीवन की सफलता समझता है । जीवन के प्रत्येक क्षण में वह कार्यरत रहता है । विश्राम और विनोद के लिए उसके पास निश्चित समय रहता है । शेष समय राष्ट्र एवं समाज के प्रति समर्पित रहता है । कर्मशील व्यक्ति हाथ पर हाथ धर बैठने को मृत्यु से भी बुरा समझता है । उसमें कर्म करने की लगन और उत्साह अत्यधिक मात्रा में

होता है । धैर्य के बल पर वह बड़े–बड़े पर्वतों को खोदकर ढ़हा देता है । कंटाकाकीर्ण राह पर चलने में वह संतोष अनुभव करता है । वह दुख और सुख को समान समझता हुआ परिस्थितियों को अपना दास बना लेता है ।

(1) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ? (2)

(2) कर्मशील व्यक्ति के क्या लक्षण होते है ? (2)

(3) राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पित मनुष्य की क्या सोच होती है ? (2)

(4) गद्यांश का सार लिखिए ? (2)

प्रश्न 15– निम्नांकित विषयों में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध (300) शब्दों में लिखिए । (10)

1. पर्यावरण और हमारा दायित्व
2. राष्ट्रीय एकता और अखण्डता
3. परोपकार– एक मानव धर्म
4. वन सरंक्षण

--------X--------